प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

देश आज 25वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख की ये महान भूमि करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि करगिल विजय दिवस हमें यह बताता है कि देश के लिए दिया गया बलिदान अमर है।

****

श्री मोदी ने देश के रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए अग्निपथ योजना के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह देश में होने वाले महत्वपूर्ण सुधारों में से एक है और इससे भारत का सामर्थ्य बढेगा।

****

इधर, झारखंड में भी कारगिल विजय दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। रांची में पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय वेटनर्स एसोसिएशन के संयोजक चन्द्रशेखर शामिल हुए। उन्होंने कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों की वीरता की चर्चा की।

****

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है। पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बीते सत्र से अब तक दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई विधायकों ने शोक प्रकाश व्यक्त किया। इसके बाद सदन को सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

****

इससे पहले विधानसभा के बाहर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने राज्य में खनिज–संपदा की लूट, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिए जाने, हर साल पांच लाख नौकरी का वादा पूरे नहीं करने और संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। पार्टी विधायक अनंत ओझा ने सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कर रही है।

****

भाजपा के आरोप पर पलटवार करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। बांग्लादेशी घुसपैठ का शिगूफा भाजपा का चुनावी स्टंट है।

****

वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को झारखंड का नया डीजीपी बनाया गया है। इसके साथ साथ वह सीआईडी और एसीबी के डीजी का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। वहीं, राज्य के डीजीपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार सिंह को स्थांतरित करते हुए पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं, झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत प्रशांत सिंह को संचार एवं तकनीकी सेवाएं रांची के पद पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी कर दी है।

****

दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम श्रावणी मेले में भक्तों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******समाप्त*******